स्टार क्रिकेटर ऋषभ पंत बने उत्तराखंड के ब्रांड एंबेस्डर

चर्चा में क्यों?

20 दिसंबर, 2021 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज़ ऋषभ पंत को राज्य में खेल को बढ़ावा देने और राज्य के युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 'राज्य ब्रांड एंबेस्डर' नियुक्त किया है।

प्रमुख बिंदु

- धामी ने ट्विटर पर राज्य के युवाओं को खेल और सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पंत को 'राज्य ब्रांड एंबेस्डर' नियुक्त करने की खबर साझा की। धामी ने युवा क्रिकेटर को एक वीडियो कॉल किया और उन्हें एक बैठक के लिये आमंत्रित किया।
- ऋषभ राजेंद्र पंत एक भारतीय क्रिकेटर हैं, जो इंडियन प्रीमियर लीग में भारत, दिल्ली और दिल्ली कैपिटल्स के लिये मध्य क्रम के विकेटकीपर बल्लेबाज़ के रूप में खेलते हैं। दिसंबर 2015 में उन्हें 2016 अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के लिये भारत की टीम में नामित किया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/star-cricketer-rishabh-pant-becomes-the-brand-ambassador-of-uttarakhand